**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.04.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के त्यौहारों के दौरान बिजली नहीं काटने के आदेश पर लगायी रोक, जेबीवीएनएल को अस्पतालों और अन्य जरुरी सेवा वाली जगहों पर बिजली बहाल रखने का निर्देश।**
2. **आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में रांची, जमशेदपुर समेत देशभर में कई जगहों पर ईडी ने दी दबिश, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव के आवास पर भी छापेमारी।**
3. **राज्यपाल से मिले कोल्हान और बिनोद बिहारी महतो कोयलांल विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलाधिपति ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जोर।**
4. **केन्द्र सरकार ने की देवघर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन– एफटीओ खोलने की घोषणा, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा– बढ़ेंगे रोजगार के अवसर।**
   **और**
5. **15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चौम्पियनशिप में भाग लेने 18 सदस्यीय झारखण्ड हॉकी टीम झांसी रवाना।**

***********************

सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें त्योहारों के दौरान बिजली काटने पर रोक लगाने का आदेश दिया गया था। गौरतलब है कि सरहुल पर्व के दौरान 8 घंटे से ज्यादा बिजली काटे जाने पर झारखंड हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। शीर्ष अदालत ने जेबीवीएनएल के प्रबंध निदेशक को यह अंडरटेकिंग देने का निर्देश दिया है कि कम से कम समय के लिए बिजली काटी जाएगी। इसके अलावा अस्पताल और अन्य जरुरी सेवा वाली जगहों पर बिजली आपूर्ति की जाएगी। इस मामले की अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी।

***********************

आयुष्मान भारत योजना घोटाला मामले में रांची, जमशेदपुर समेत देशभर में कई जगहों पर ईडी ने दी दबिश दी है। रांची में इडी की यह कार्रवाई अशोक नगर, पीपी कंपाउंड, एदलहातू, बरियातू, लालपुर और चिरौंदी में चल रही है। उधर, जमशेदपुर के मानगो में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के आप्त सचिव ओम प्रकाश उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर ईडी ने दबिश दी है।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कोल्हान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता और बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर राम कुमार सिंह ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। राज्यपाल से आज राजभवन में सेना के अधिकारियों ने भी मुलाकात की और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट की।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने फिर केन्द्र सरकार पर झारखंड को अपेक्षित सहयोग नहीं देने का आरोप लगाया है। हजारीबाग में झामुमो के 46वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकारों पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राज्य को काफी पीछे धकेल दिया है, लेकिन वर्तमान सरकार राज्य के विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

***********************

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने देवघर में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन– एफटीओ खोलने की घोषणा की है। लोकसभा में कल गोड्डा के सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे के सवाल के जवाब में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि देवघर एयरपोर्ट पर एफटीओ प्रस्तावित है। जल्द ही इस दिशा में पहल की जायेगी।

केन्द्र सरकार की इस घोषणा पर सांसद श्री दुबे ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि एफटीओ खुलने से रोजगार के अवसर और क्षेत्र में विमानन उद्योग का विकास होगा।

***********************

भारत के शीर्ष ग्रामीण विकास वित्तीय संस्थान राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, नाबार्ड ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए झारखंड को 5 हजार 830 करोड़ रुपये की रिकार्ड सहायता प्रदान की है। इस अभूतपूर्व सहायता से राज्य में ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, आजीविका संवर्द्धन, संस्थागत सुदृढ़ीकरण और वित्तीय समावेशन को महत्वपूर्ण रुप से मजबूती मिली है।

**********************

डीडीयू–गया–धनबाद रेलखंड पर तेज रफ्तार ट्रेन संचालन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस रूट पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आज ट्रेन का सफल ट्रायल किया गया। इस ट्रायल के दौरान हाजीपुर जोन के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर रेल महाप्रबंधक श्री सिंह ने कहा कि इस रुट पर ट्रेन की रफ्तार बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

**********************

गढ़वा जिले में पीएम श्री स्कूल के माध्यम से भाषा और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने की पहल शुरू की गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

**********************

**संक्षिप्त खबरें**

- झारखंड में भारतीय वायुसेना का पहला एयर शो रांची में 19 और 20 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। इस सिलसिले में रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री से आज भारतीय वायुसेना की टीम ने मुलाकात की।
- एंटी करप्शन ब्यूरो रांची की टीम ने नामकुम थाने के दरोगा चंद्रदीप प्रसाद को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोप है कि एक केस को मैनेज करने के नाम पर दरोगा 30 हजार रुपये रिश्वत ले रहा था।
- सरायकेला–खरसावां जिले में वर्ष 2004 में हुई एक हत्या के एक मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विजय महतो को गिरफ्तार कर लिया गया है। अदालत ने इस मामले में महतो के खिलाफ वारंट जारी किया था लेकिन वे फरार थे।

**********************

राज्य भर के मौसम में उतार चढाव का दौर जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार आज कई जिलों में तेज हवा के साथ ओलावृष्टि हो सकती है। केंद्र के अनुसार 5 अप्रैल से मौसम साफ हो जाएगा और रामनवमी के दिन मौसम में सुधार की संभावना है। लेकिन 7 अप्रैल से एक बार फिर से आसमान में बादल छा सकते हैं और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

**********************

उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेने झारखण्ड हॉकी टीम आज जमेशदपुर से झांसी रवाना हुई। 15 अप्रैल तक आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए झारखंड से 18 सदस्यों की टीम रवाना हुई है। हॉकी झारखंड और खेल विभाग के अधिकारियों ने टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

********* **********